## एक नजर में

### ऑपरेशन क्लीन के तहत लापरवाह आरक्षक की सेवा समाप्त

इंदौर. अनुशासनहीनता और लापरवाही को लेकर चल रहे पुलिस विभाग के ऑपरेशन क्लीन के तहत एक और पुलिसकर्मी पर सख्त कार्रवाई की गई है. लंबे समय तक बिना सूचना ड्यूटी से गैरहाजिर रहने वाले आरक्षक को सेवा से बाहर कर दिया गया है. डीआरपी लाइन में पदस्थ आरक्षक राहुल शर्मा को कर्तव्य के प्रति घोर उदासीनता और अनुशासनहीनता का दोषी पाए जाने पर सेवा से पृथक किया गया है. विभागीय जांच में सामने आया कि आरक्षक निलंबन की अवधि के दौरान भी लगातार 262 दिन तक बिना सूचना गैरहाजिर रहा. इसके पूर्व भी वह कई बार इसी तरह ड्यूटी से अनुपस्थित रहा था, जिस पर उसके खिलाफ विभागीय दंडात्मक कार्रवाइयां की जा चुकी थीं. लगातार अनुपस्थिति, अनुशासनहीन आचरण और पुलिस कर्तव्यों के प्रति अरुचि को गंभीर मानते हुए डीसीपी (मुख्यालय) इंदौर द्वारा जांच के आधार पर आरक्षक की सेवाएं समाप्त करने का आदेश जारी किया गया.

### 50 लाख से महंगी बाइक का बनाया चालान



इंदौर. पलासिया चौराहे पर आयोजित हेलमेट जागरूकता विशेष अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने होंडा गोल्ड विंग जीएल 1800 एमपी 09 वीएल 0022 जैसी 50 लाख से अधिक कीमत वाली स्पोर्ट्स बाइक का चालान किया. वाहन चालक हेलमेट नहीं पहनकर नियमों का उल्लंघन कर रहा था. एसीपी यातायात हिंदू सिंह मुवेल ने बताया कि पुलिस ने इस अभियान में 2208 वाहन चालकों के खिलाफ हेलमेट न पहनने और अन्य नियम उल्लंघन पर चालानी कार्रवाई की.

### बंगाली फूड फेस्टिवल, मुखोरोचक आज से



इंदौर. भी बंगाली स्कूल एंड क्लब द्वारा बंगाली फूड फेस्टिवल, मुखोरोचक का आयोजन किया जा रहा है. यह जानकारी देते हुये बंगाली स्कूल एंड क्लब के अध्यक्ष जयंत नाथ चौधुरी और फूड फेस्टिवल सचिव दिबाकर चक्रबती ने बताया कि बंगाली फूड फेस्टिवल 30 जनवरी शाम 6.30 से शुरू होगा. 31 जनवरी और 1 फरवरी सुबह 11 बजे से रात 10 बजे तक रहेगा. इसमें प्रवेश निशुल्क है. इस तीन दिवसीय आयोजन में बंगाल के सभी प्रसिद्ध वेज और नानवेज व्यंजन होंगे, जिसमें कीमा पराठा, मोमोस, भेदकी चाप फिश, कटलेट, चिकन और मटन रोल/पराठा, एग रोल, मटन और चिकन बिरयानी, चिकन और मटन राइस आदि से लेकर बंगाली रसगुल्ला, मिष्टि दोही, संदेश, गुलाब जामुन आदि व्यंजन शामिल है. वेज थाली, पूरी, चोलार डाल, बैंगनी, होममेड केक, पीठे आदि. वॉइस प्रेसिडेंट असित गांगुली और ट्रेजरर अपूर्बा चौधरी ने बताया कि इंदौर मे बड़ी संख्या में बंगाली समुदाय निवासरत है, सभी को एक ही छत के नीचे सभी बंगाली व्यजनो का भरपूर स्वाद मिल सके, इसी उद्देश को लेकर हर साल यह आयोजन बड़े पैमाने पर किया जाता है.

### सेमीनार में वरिष्ठ वेल्युअर जैन का सम्मान



इंदौर. इंडियन इंस्टीट्यूशन ऑफ़ वेल्यूअर्स द्वारा शहर में पहली बार होटल सयाजी में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार के दौरान शहर के वरिष्ठ वेल्यूअर्स डीके जैन का विशेष सम्मान किया गया. इस मौके पर अतिथि के रूप इन्साल्वेंसी प्रोफेशनल (आईपी) टीना सारस्वत पांडे एवं छाया गुप्ता भी उपस्थित रहीं. आयोजन समिति के समन्वयक अरविन्द अग्रवाल ने बताया कि पहली बार इंदौर में सम्पन्न हुए इस सेमीनार में देश के 12 राज्यों के 150 से अधिक वेल्यूअर्स शामिल हुए, जिन्होंने अपने-अपने व्यावसायिक अनुभवों एवं शोध कार्यों को एकदूजे से साझा करते हुए वेल्यूशन के क्षेत्र में ज्ञान, अनुभव, गुणवत्ता एवं तकनीकी दृष्टिकोण पर विचार मंथन किया. समापन प्रसंग पर आयोजन समिति की ओर से सुंदर पांडियन, जेम्स गोंजाल्विस, पराग कुलकर्णी, योगेन्द्र दुबे, संजय मित्तल, अभिभाषक रोहित दुबे, मनीष पाठक, पलक अग्रवाल एवं ललित काले ने देशभर से आए वेल्यूअर्स को देश की सबसे स्वच्छ नगरी इंदौर की ओर से स्मृति चिन्ह भेंटकर भावपूर्ण विदाई दी. अंत में समन्वयक अरविन्द अग्रवाल वेल्यूअर ने इस सफल एवं सार्थक आयोजन के लिए सबके प्रति आभार व्यक्त किया.

### संकटमोचक हनुमान का स्थापना दिवस मनाया



इंदौर. एबी रोड स्थित श्री श्री आनंदमयी पीठ पर संकटमोचक हनुमान जी का तृतीय स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया. साथ ही आनंदमयी पीठ के पीठाधीश्वर केदार महाराज का जन्मोत्सव भी उपस्थित भक्त समुदाय द्वारा हर्षो उल्लास से मनाया गया स्वामी परिपूर्णानंद ने बताया कि प्रातः हनुमान को चोला चढ़ाकर संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन हुआ. इस अवसर पर स्वामी कृष्णानन्द, मुकेश कचोलिया, संगीता कचोलिया, डॉ विजय निचानी, अशोक बावेजा, नीलेश मित्तल, मनोज भाया, नरेंद्र माखीजा, करुणा कचोलिया, अनिरुद्ध चौहान, नीलेश मित्तल, पूजा मित्तल आदि उपस्थित थे.

### स्टूडेंट पुलिस कैडेट छात्राओं का सम्मान



इंदौर. गणतंत्र दिवस का मुख्य आयोजन नेहरू स्टेडियम में हुआ. इसमें प्रेसीडेंसी हायर सेकेंडरी स्कूल की स्टूडेंट पुलिस कैडेट छात्राओं को गणतंत्र दिवस समारोह - 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु इंदौर पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह द्वारा सम्मानित किया गया. सम्मान समारोह में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राजेश सिंह, एसीपी अपूर्वा किलेदार, रक्षित निरीक्षक दीपक पाटिल व सब इंस्पेक्टर शिवम टक्कर उपस्थित रहे. एएसआई गजेंद्र यादव की सीख ने एसपीसी कैडेट को इस मुकाम तक पहुंचाया. वे भी इस दौरान उपस्थित रहे. प्रेसीडेंसी स्कूल प्राचार्य राधेश्याम जामले ने छात्राओं को शुभकामनाएं दी.

### गणतंत्र दिवस पर वितरित किए तिरंगे झंडे



इंदौर. नेताजी सुभाष मंच एवं श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में नेताजी सुभाष अलंकरण समारोह का आयोजन के तहत 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर युवा वर्ग में जनजागृति के लिए एनसीसी, एनएसस, एयरविंग एवं स्काउट के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय झंडे की महता बताते हुए अ. भा. कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल के आतिथ्य में स्कूलों में तिरंगे झण्डों का वितरण किया गया. इस अवसर पर आयोजनकर्ता मदन परमालिया एवं विनोद सत्यनारायण पटेल उपस्थित थे.

# रेलवे ने की 'मेरा टिकट-मेरी शान' अभियान की शुरूआत

## टिकट लेकर यात्रा करने की आदत को बढ़ावा देना उद्देश्य

नव भारत न्यूज

**इंदौर. रेल यात्रियों में टिकट लेकर यात्रा करने की आदत को बढ़ावा देने और जिम्मेदार नागरिक होने का संदेश देने के उद्देश्य से पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल ने मेरा टिकट, मेरी शान विकसित भारत के लिए मेरा योगदान यात्री जागरूकता अभियान की शुरुआत की है. यह अभियान 29 जनवरी से 6 फरवरी 2026 तक चलाया जाएगा.**



अभियान का शुभारंभ रतलाम मंडल रेल प्रबंधक द्वारा इंदौर रेलवे स्टेशन से किया. इस दौरान उन्होंने यात्रियों से सीधे संवाद कर रेलवे में हो रहे विकास कार्यों और सुविधाओं को लेकर उनकी राय जानी. यात्रियों ने रेलवे की सेवाओं और हाल के सुधारों को लेकर संतोष जताया और सकारात्मक प्रतिक्रिया दी.

कार्यक्रम में मंडल के वरिष्ठ अधिकारी, रेलवे कर्मचारी, यात्री और मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे. मीडिया से चर्चा में मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य यात्रियों को यह समझाना है कि टिकट लेकर यात्रा करना केवल कानूनी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि देश के विकास में भागीदारी भी है. उन्होंने बताया कि यात्रियों द्वारा खरीदे गए टिकट से ही रेलवे को आधुनिक, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने की दिशा में कार्य संभव हो पाता है.

### 'रेलवन' मोबाइल ऐप की जानकारी भी दी

कार्यक्रम में उन्होंने 'रेलवन' मोबाइल ऐप की जानकारी भी दी और इसे यात्रियों के लिए उपयोगी डिजिटल प्लेटफॉर्म बताया. पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी द्वारा जारी जानकारी के अनुसार यात्रियों से अपील की गई है कि वे रेलवन ऐप, एटीवीएम या बुकिंग काउंटर से टिकट लेकर ही यात्रा करें. रेलवन ऐप के माध्यम से आरक्षित और अनारक्षित टिकट बुकिंग, लाइव ट्रेन स्थिति, पीएनआर स्टेटस, भोजन सेवा और यात्री सहायता जैसी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं. अभियान के तहत इंदौर, रतलाम, उज्जैन और चित्तौड़गढ़ स्टेशनों पर विशेष गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं. इन स्टेशनों पर जागरूकता स्टॉल, सेल्फी प्वाइंट, बैनर-पोस्टर लगाए हैं. साथ ही नुक्कड़ नाटक, वीडियो संदेश और सोशल मीडिया के माध्यम से भी यात्रियों को टिकट लेकर यात्रा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है. रेलवे का मानना है कि जागरूक यात्री ही सशक्त और विकसित रेल व्यवस्था की नींव होते हैं.

### पूर्व सैनिक बनेंगे रेलवे पॉइंट्समैन...

पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल और आर्मी वेलफेयर प्लेसमेंट ऑर्गनाइजेशन के बीच ट्रैफिक गेटमैन व पॉइंट्समैन पदों पर पूर्व सैनिकों की तैनाती को लेकर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं. इसके तहत रतलाम मंडल में लगभग 100 पूर्व सैनिकों को ट्रैफिक पॉइंट्समैन के रूप में तैनात किया जाएगा. चयनित पूर्व सैनिकों की तैनाती 15 दिनों के भीतर शुरू होगी. रतलाम मंडल इस तरह का एमओयू करने वाला पश्चिम रेलवे का पहला मंडल बन गया है.

**वड़ोदरा-दाहोद-वड़ोदरा मेमू सेवा आज से पुनः बहाल**

इंदौर. यात्रियों की सुविधा और मांग को देखते हुए पूर्व में बंद की गई वडोदरा-दाहोद मेमू ट्रेन सेवा अब फिर से शुरू की जा रही है. पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि गाड़ी संख्या 69233/69234 वड़ोदरा-दाहोद-वड़ोदरा मेमू शुक्रवार 30 जनवरी से अपने पुराने समय अनुसार चलना शुरू करेगी.




# 252 से अधिक पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों की मुफ्त जांच

## जीआरपी लाइन में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा

**इंदौर. रेलवे यात्रियों की सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों और उनके परिजनों के स्वास्थ्य संरक्षण को लेकर शासकीय रेल पुलिस ने एक और सराहनीय पहल की. जीआरपी पुलिस लाइन हब्सी, बिचौली रोड इंदौर में गुरुवार को एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया.**

यह शिविर पुलिस अधीक्षक रेल इंदौर पद्म विलोचन शुक्ल के आदेशानुसार और उप पुलिस अधीक्षक रेल इंदौर ज्योति शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ. शिविर में 106 पुलिस कर्मियों और 146 परिजनों सहित 252 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया. शिविर के दौरान एचबीए1सी और आरबीएस सहित आवश्यक रक्त जांचें निःशुल्क की गईं. जांच में कई पुलिस कर्मियों और उनके परिजनों को पहली बार डायबिटीज और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों की जानकारी मिली, जिससे समय रहते उपचार संभव हो सकेगा.

बॉम्बे हॉस्पिटल इंदौर के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. अश्विनी परचानी ने स्वास्थ्य परीक्षण कर संतुलित दिनचर्या, नियमित व्यायाम और पौष्टिक आहार अपनाने की सलाह दी.

वहीं स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. कविता गुप्ता ने 109 महिलाओं का परीक्षण कर अनियमित मासिक धर्म और मोटापे जैसी समस्याओं पर जागरूक किया. शिविर में डायटिशियन द्वारा 250 से अधिक पुलिस कर्मियों और उनके परिजनों को व्यक्तिगत आहार और जीवनशैली परामर्श दिया.



# वाहन चेकिंग में 1.25 लाख की शराब पकड़ी

## बोलेरो चालक और हेल्पर गिरफ्तार

**इंदौर. मानपुर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान अवैध शराब परिवहन का भंडाफोड़ करते हुए महिन्द्रा बोलेरो के चालक और हेल्पर को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने बोलेरो वाहन से 429 ली.अवैध शराब जब्त की है, जिसकी कीमत करीब 1 लाख 25 हजार रुपये बताई जा रही है. कार्रवाई में करीब 6 लाख का वाहन भी जब्त किया है.**

थाना प्रभारी मानपुर लोकेन्द्र सिंह हिहोर ने बताया एबी रोड पर नियमित वाहन चेकिंग के दौरान सफेद बोलेरो में अवैध शराब भरी थी. धामनोद की ओर जा रही महिन्द्रा बोलेरो नम्बर एमपी 10 जीई 8341 को रोका. वाहन चालक पप्पु तोमर और उसके साथ हेल्पर राजेश उचवारे मौजूद थे. वाहन की तलाशी लेने पर पीछे की ओर 32 पेटी बोल्ट बीयर और 5 पेटी प्लेन देशी मदिरा, 37 पेटी (429 लीटर) अवैध शराब पाई गई. पुलिस ने अवैध शराब और बोलेरो वाहन को जब्त कर लिया.

गिरफ्तार आरोपियों में चालक पप्पु तोमर पिता गोपाल तोमर, निवासी भाग्यपुरा कलवाली मनावर जिला धार और हेल्पर राजेश उचवारे पिता दिलीप उचवारे, निवासी ग्राम जामली गंधवानी जिला धार शामिल हैं. दोनों आरोपियों को महू न्यायालय में पेश किया था, जहां से उन्हें जेल वारंट पर उप जेल महू भेज दिया.

# हाईकोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष पद पर मनीष यादव जीते

- अभिषेक तुगनावत उपाध्यक्ष और मनीष गडकर सचिव निर्वाचित
- बुधवार देर रात तक चली मतगणना

नव भारत न्यूज

**इंदौर. इंदौर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव परिणाम बुधवार देर रात घोषित कर दिए गए. कड़े और रोचक मुकाबले के बाद अध्यक्ष पद पर मनीष यादव ने जीत दर्ज की. उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी गौरव श्रीवास्तव को 20 मतों से हराया. उपाध्यक्ष, सचिव और सह सचिव पदों पर भी नई टीम चुनी गई, जबकि एक्जीक्यूटिव मेंबर के पांच पदों पर अलग-अलग प्रत्याशी निर्वाचित हुए.**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज द्विवेदी और मीडिया प्रभारी अजय मिश्रा ने बताया कि मतदान शाम 6 बजे तक हुआ, इसके बाद 7 बजे से मतगणना शुरू की गई, जो रात करीब 1 बजे तक चली. कुल 2632 मतदाताओं में से



1914 अधिवक्ताओं ने मतदान किया. अध्यक्ष पद का मुकाबला सबसे ज्यादा चर्चा में रहा.

शुरुआती राउंड में गौरव श्रीवास्तव ने बढ़त बनाई, लेकिन चौथे-पांचवें राउंड के बाद मुकाबला कांटे का हो गया. 17वें राउंड के बाद मनीष यादव निर्णायक बढ़त लेते चले गए और 20वें राउंड तक बढ़त बनाए रखते हुए जीत हासिल की. वहीं उपाध्यक्ष पद पर अभिषेक तुगनावत की जीत शुरू से ही लगभग तय मानी जा रही थी. उन्होंने भारी मतों के अंतर से प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ दिया.

वहीं, सचिव पद पर मतगणना के दौरान लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिला, लेकिन अंत में मनीष गडकर ने बाजी मारी. सह सचिव पद पर अमित राज ने रिकॉर्ड मतों के साथ बड़ी जीत दर्ज की. उपाध्यक्ष पद अभिषेक तुगनावत जीते. सह सचिव पद पर अमित राज जीते. एक्जीक्यूटिव मेंबर के रूप में राहुल पांचाल, तेजस जैन, अमन मालवीय, राशमेंद्र सूर्यवंशी और अर्निक जैन निर्वाचित हुए. परिणाम घोषित होते ही बार परिसर में समर्थकों ने एक-दूसरे को बधाई दी. नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि अधिवक्ताओं की समस्याएं, सुविधाएं और हाईकोर्ट परिसर से जुड़े मुद्दे उनकी प्राथमिकता रहेंगे.

# रोटरी का मंडल अधिवेशन कल से, जुटेंगे देश-विदेश के दिग्गज

- सामाजिक सेवा, नेतृत्व और प्रेरणा पर केंद्रित रहेगा अधिवेशन

इंदौर. रोटरी मंडल 3040 द्वारा अपने प्रतिष्ठित 42वें रोटरी मंडल अधिवेशन इंद्रधनुष का आयोजन 31 जनवरी एवं 1 फरवरी 2026 को ग्रैंड शेरेटन इंदौर में किया जा रहा है. यह दो दिवसीय अधिवेशन रोटरी के मूल मंत्र सेवा, नेतृत्व और सामाजिक सरोकार को केंद्र में रखकर आयोजित होगा. लगभग 800-900 रोटेरियन इस कार्यक्रम में सहभागिता कर रहे हैं, जो मध्यप्रदेश के 25 राजस्व जिलों तथा गुजरात के 4 जिलों से पधारे हैं. यह कार्यक्रम जिला गवर्नर सुशील मल्होत्रा, फर्स्ट लेडी रूबी मल्होत्रा एवं कॉन्फ्रेंस चेयरमैन बृजेश अग्रवाल के सक्षम नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है.



रोटरी के पदाधिकारी सुशील मल्होत्रा, रूबी मल्होत्रा, ब्रजेश अग्रवाल, मनीष शर्मा, मनोज चांडक, घनश्याम सिंह अनिल उपाध्याय, गजेंद्र नारंग, दिनेश मेहता, नरेंद्र अग्रवाल, अभिषेक राजावत एवं अनीश मालिक ने बताया इस भव्य अधिवेशन में देश-विदेश से अनेक प्रख्यात रोटरी लीडर्स एवं विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे. प्रमुख रूप से डॉ. रमेश गर्ग एवं डॉ. रीता गर्ग (अमेरिका), पीडीजी विजय पटेल एवं नयना पटेल (यूके), आरआईपीआर पीडीजी दिनेश मेहता सहित कई वरिष्ठ रोटेरियंस अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगे.

### बिखरा संस्कृति और मनोरंजन का रंग

कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक और मनोरंजक प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी. उदय दहिया (लाफ्टर चैलेंज), मुन्ना बैटरी, गायक रचना चोपड़ा, मीरान रॉय, अखिलेश तिवारी एवं जादूगर आर्य चंदेल अपनी प्रस्तुतियों से अधिवेशन को यादगार बनाएंगे. यह अधिवेशन न केवल रोटरी सदस्यों के लिए आपसी संवाद और प्रेरणा का मंच होगा, बल्कि समाजसेवा, नेतृत्व विकास और सकारात्मक बदलाव की दिशा में नए विचारों को भी प्रोत्साहित करेगा.

# दिल की जटिल सर्जरी कर बचाई दो मरीजों की जान

- अत्याधुनिक तकनीक और अनुभवी टीम ने दिया नया जीवन

इंदौर. हाल ही में दो अत्यंत दुर्लभ, जटिल और जानलेवा हृदय शल्य क्रियाएँ सफलतापूर्वक की गईं. शैल्बी हॉस्पिटल्स में हुई इन सर्जरीज़ का नेतृत्व डायरेक्टर, कार्डियक सर्जरी डॉ. मोहम्मद अली और उनकी अनुभवी कार्डियक टीम ने किया. दोनों ही मरीज ऐसे गंभीर हालात में थे कि समय पर सर्जरी न होने पर उनके बचने की संभावना लगभग शून्य थी.

डॉ. मोहम्मद अली ने कहा कि ऐसी सर्जरी केवल सर्जन की कुशलता से नहीं, बल्कि एक अनुभवी मल्टी-डिसिप्लिनरी टीम, अत्याधुनिक उपकरण और तुरंत निर्णय लेने वाली प्रणाली से ही संभव हो पाती हैं. उन्होंने बताया पहले केस में दिल की दीवार फटने के बाद 75 वर्षीय महिला की जान बचाई गई. महिला को हार्ट अटैक के बाद एक दुर्लभ लेकिन घातक जटिलता हुई, जिसे वेंट्रिकुलर सेप्टल



रप्चर कहा जाता है. इस स्थिति में दिल के निचले दो कक्षों को अलग करने वाली दीवार फट जाती है. ऑपरेशन के दौरान दिल में बड़ा छेद पाया गया. ऐसे में इंफार्क्ट एक्सक्लूज़न तकनीक, विशेष मेडिकल पैच और बायो-ग्लू की मदद से नई दीवार बनाई गई. आज महिला अपने परिवार के साथ सामान्य जीवन जी रही हैं. दूसरा मामला 51 वर्षीय पुरुष का था, जिन्हें एऑर्टिक डिसेक्शन हुआ. यह दुनिया की सबसे जानलेवा हृदय स्थितियों में से एक मानी जाती है. सीटी स्कैन में पाया गया कि मरीज की पूरी महाधमनी दिल की जड़ से लेकर पैरों तक—फटी हुई थी और एऑर्टिक वाल्व भी बुरी तरह लीक कर रहा था. हमने लगभग 9 घंटे लंबी अत्यंत जटिल सर्जरी में फटी हुई महाधमनी और वाल्व दोनों को सफलतापूर्वक बदला. 12 दिनों में पूरी तरह स्थिर होकर घर लौट गया. इस दौरान मेडिकल सुरिटेंडेंट डॉ विवेक जोशी एवं डिप्टी सीएओ अभिषेक चौरसिया भी उपस्थित रहे.

# नई ओपीडी, ट्रॉमा केयर व रूम्स का लोकार्पण

इंदौर. मरीजों की सुविधा को और बेहतर करते हुए चोइथराम हॉस्पिटल ने हाई- एंड प्राइवेट और डीलक्स रूम की सौगात दी है. आधुनिक तकनीकके साथ तैयार यह रूम्स मरीजों और अटेंडेंट्स को सभी सुविधाएं प्रदान करेंगे. इसके साथ ही मरीजों को बेहतरीन अनुभव देने के लिए प्रदेश की एडवांस्ड सीसीयू कैथ लैब भी तैयार की गई है. इसी श्रृंखला में नई ओपीडी और इमर्जेंसी- ट्रॉमा केयर भी उद्घाटित की जा रही है.

नई यूनिट के उद्घाटन पर हॉस्पिटल के डायरेक्टर मेडिकल सर्विसेस सुनील चांदीवाल ने बताया कि अब मरीज व उनके परिजन सटीक इलाज के साथ ही उच्च स्तरीय सुविधाओं की भी अपेक्षा रखते हैं. हमें प्रसन्नता है कि हमने हमेशा समय के साथ चलते हुए अपने हर मरीज को उसकी जरूरत के अनुसार इलाज और सेवाएं प्रदान की हैं. इसी कड़ी में हॉस्पिटल के हर डिपार्टमेंट में मोस्ट एडवांस्ड मशीनों के इंस्टॉलेशन के साथ ही लुक एंड फील में भी बड़ा



बदलाव किया गया है. ताकि मरीजों को सर्वोत्तम विशेषज्ञता युक्त इलाज के साथ विश्व स्तरीय सुविधाएं भी उपलब्ध हों. हमने पार्किंग से लेकर एडमिशन प्रक्रिया और इंश्योरेंस से लेकर डिस्चार्ज तक, कदम कदम पर ग्राहकों को बेस्ट ऑफ द क्लास एक्सपीरियंस देने का प्रयास किया है. हमारे 75 से अधिक अनुभवी, कुशल और विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम, ट्रेंड स्टाफ और मॉडर्न गजेट्स, आधुनिक चिकित्सा सेवा को नए स्तर पर ले जा रहे है. यही कारण है कि केवल देश ही नहीं विदेशों से भी हमारे यहां मरीज रेफर किए जाते हैं और लोगों का भरोसा कई दशकों से हमारे साथ है.

**एक नजर में** जूनी इंदौर मुक्ति धाम पर भागवत कथा में पहली बार हुआ भंडारा, निकली शोभा यात्रा

# सच्चा मित्र वही, जो हमें अपनी कमियों से आगाह करे : पं. शास्त्री

इंदौर. सच्चा मित्र वही होता है जो अपनी कमियों एवं कमजोरियों से हमें आगाह करें. मित्रता में छल-कपट नहीं होना चाहिए. आज मैत्री को नए संदर्भों में परिभाषित करने की जरूरत है. राजा-प्रजा के बीच निष्कपट मैत्री का भाव होना चाहिए. कथा में हम तो बैठ लिए, अब कथा को भी अपने अंतर्मन में बैठाने की जरूरत है. जूनी इंदौर मुक्ति धाम सेवा समिति के तत्वावधान में चल रहे भागवत ज्ञानयज्ञ में भागवताचार्य पं. श्याम सुंदर शास्त्री ने गुरुवार को उक्त प्रेरक विचार व्यक्त किए। कथा शुभारम्भ के पूर्व समाजसेवी प्रमोद रामेश्वर खटोड, राहुल सोनकर, ओमप्रकाश मालू, प्रेम चौहान, ओमप्रकाश सोनकर, रणजीत सोनकर पहलवान,



राजेश जोशी, जगदीश पांचाल सहित अनेक भक्तों ने व्यास पीठ का पूजन किया. संयोजक अशोक सारडा एवं राजेश जोशी ने बताया कि जूनी इंदौर मोक्ष धाम पर सम्पन्न हुई इस भागवत कथा का समापन गुरुवार को लगभग 2 हजार भक्तों के लिए महाप्रसादी के साथ सम्पन्न हुआ. उत्सव के लाभार्थी प्रमोद खटोड एवं राहुल सोनकर मित्र मंडल के सदस्यों ने पूरे मनोयोग से सहयोग प्रदान किया.

### मित्रता का उत्सव मनाया

कथा के दौरान भगवान एवं उनके बाल सखा सुदामा की मित्रता का जीवंत उत्सव भी मनाया. कृष्ण-सुदामा मिलन का हृदयस्पर्शी चित्रण सुनकर अनेक आंखे छलछला उठी. मोक्ष धाम परिसर स्थित महामृत्युंजय मंदिर पर पं. राजेश तिवारी व अन्य विद्वानों द्वारा किए जा रहे भागवत के मूलपारायण का भी आज समापन हो गया. मोक्ष धाम परिसर में भागवतजी की शोभा यात्रा भी निकाली गई. समापन अवसर पर जूनी इंदौर मोक्ष धाम पर पहली बार भंडारा हुआ। 30 जनवरी को सुबह 9 बजे मोक्ष धाम पर रखी हुई दिवंगतों की अस्थियों का शास्त्रोक्त विधि से पूजन कर नर्मदा में विसर्जन के लिए खेड़ीघाट के लिए विदा किया जाएगा.